Municipal Council, Pali

# Newsletter November 2017

## Address

Near Suraj Pole Chaurha, Town Hall, Pali-306401 (Rajasthan) India.

## Email

cmcpali@yahoo.co.in

## Contact-No.

02932-221301

# Local Self Government Rajasthan

The Department of local self Government, Rajasthan is the controlling Department of all municipalities for all administrative purposes. It also performs monitoring and co-ordination function at the state level for all the 188 municipal bodies of the state.

# Functions of Department of Local Self Government Rajasthan

•Appointment of OICs/Advocate in Court Cases, vetting of reply, opinion on judgment, decision for appeal or no appeal, scrutiny of Bye-Laws and Rules and Amendments in Acts and Rules.
•Approval of Budget of ULBs and released of funds regarding Special Grant, General Grant, SFC, TFC, Grant (in Lieu of Octroi) and State/Centrally Sponsored Schemes/Programme.
•Disposal of matters related to transfer, establishment, DPCs related to officers
•and staff of ULBs, DDR offices and Directorate.
•Extension and Exclusion of Municipal boundary, Election of Municipal Boards.
•Implementation of HRD Plan for elected representatives, and officials of ULBs.
•Implementation of Poverty Alleviation and social responsibilities Programmes.
•Issuance of Financial, Administrative and Technical Sanctions which are not in the Jurisdiction of the elected board.
•Preparation of Annual Plan/District Plan/Action Plan/DPRs related to various GoI/GoR schemes/Programmes.

# Various Schemes

## AMRUT – (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation)

- Urban Infrastructure Development of 29 Towns > 1.0 lac population.
- Total Estimated Project cost Rs 4500 cr (50% GoI, 30% GoR, 20% ULB)
- Components to be covered - Water supply, Sewerage network, Septage management, Storm water drainage, Urban Transport, Green spaces and parks.



## HRIDAY-Heritage Cities Infrastructure Development & Augmentation

- Ajmer – Pushkar nominated under HRIDAY– 100% grant by GoI.
- City HRIDAY Plan for Rs 48.00 cr. approved by MoUD, GoI.

## National Urban Livelihood Mission (NULM)

- Focus on Skill Training & Placement and Capacity Building / Self Employment.
- Major components- Shelter for Urban Homeless, Support to Urban Street Vendors.

पुनायतारोड एसटीपी के पास 20 लाख रूपये से अधिक लागत से नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय एवं 75 लाख रूपये की लागत से निर्मित सिटी डिस्पेसरी का लोकार्पण रविवार को केन्द्रीय विधि एवं न्याय, प्रोद्योगिक तथा कोर्पोरेट मामलात मंत्री पी.पी. चौधरी, विधायक ज्ञानचंद पारख एवं सभापति महेन्द्र बोहरा द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने आज विश्व शौचालय दिवस पर नगर परिषद् द्वारा शहर की कच्ची एवं गरीब बस्ती के लोगो के शौच निवृति के लिए जन सुविधा भवन (इज्जत घर) का निर्माण के साथ यहां के वाशिंदो को ईलाज के लिए निकटतम चिकित्सालय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यहां सीटी डिसपेन्सरी का निर्माण के लिए निःशुल्क भूमि देने के लिए सभापति बोहरा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह उनकी सेवा भाव का परिणाम हैं कि पाली शहर विकास के पथ पर अग्रणी हैं , निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सराहना करते हुए उन्होंने इसकी साफ सफाई नियमित हो इस बात पर विशेष जोर दिया । इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी देते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नोटबंदी, जीएसटी, आधार को लिंक करने जैसे निर्णयों को दूरगामी परिणाम देने वाला बताते हुए कहा कि इससे देश में आर्थिक मजबूती आयेगी ।

विधायक ज्ञानचन्द पारख ने इस अवसर पर कहा कि आज मेरा गत चुनावी वादा सिटी डिसपेन्सरी भवन के साथ पूरा हुआ हैं इसका श्रेय सभापति बोहरा को जाता हैं जिनके प्रयासो से यहां के अलावा टेगोर नगर में भी एक सिटी डिसपेन्सरी का निर्माण हुआ हैं यह दोनों भवन क्षेत्र की जनता के लिए उपयोगी साबित होंगे । जन सुविधा केन्द्र भी उनका चुनावी वादा था उसे भी सभापति के प्रयासो से आज साकार रूप मिला तथा लोकार्पण के बाद क्षेत्र की जनता को सुपुर्द किया गया । इस अवसर पर क्षेत्र के लोगो द्वारा पुलिस चौकी की मांग करने पर उन्होंने आश्वस्त किया कि सांसद चौधरी से सहयोग लेकर इस मांग को पूरा करवाया जायेगा । उन्होंने गरीबी की जीवन रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगो के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई श्रमिक कार्ड, भामाशाह स्वास्थ्य बीमा, मुख्य मंत्री जन आवास योजना आदि की विस्तार से जानकारी देते हुए इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की ।

सभापति महेन्द्र बोहरा ने कहा कि नगर परिषद् का इस भाजपा बोर्ड में बिना राजनैतिक भेदभाव के विकास करवाया जा रहा है। इसका सीधा प्रमाण यह वार्ड नं 9 है जिस पर पार्षद प्रकाश चौहान ने भी सहमति जाहिर की है। यहां पचास लाख रूपये की लागत से एक आश्रय स्थल निर्माण की भावी योजना की जानकारी देते हुए बताया कि अमृत योजना में 2.07 करोड़ से शहर के पांच उघानो का विकास, 7.61 करोड की लागत से सडको का निर्माण करवाया जायेगा । इसी वार्ड के बाबा रामदेव कॉलोनी, बीपीएल क्वार्टर, विकास नगर, गांधी नगर से ही सर्वप्रथम सीवरेज एवं 24 घंटे जलापूर्ति कार्य का शुभारम्भ किया गया था । 80 गाडोलियां लुहारो को 50 वर्ग गज क्षेत्रफल के निःशुल्क भूखण्ड दिये गये । ऐसे 34 भूखण्डधारियों को मकान निर्माण के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा 70 हजार रूपये का आवास अनुदान भी दिया जायेगा । तथा शेष लोगों द्वारा आवेदन करवाकर उन्हे भी अनुदान दिलवाये जायेगें। गरीब बस्ती में रहने वाले को गणेश की सेवा भाव रखते हुए विकास के कार्य करवाये जा रहे हैं । इस अवसर पर उन्होंने शहर की गरीब बस्तियों में करवाये जाने वाले विकास कार्यो की जानकारी देते हुए लोगों से खुले में शौच नहीं जाने की अपील करते हुए कहा कि जिनके घरों में शौचालय नहीं हैं वे अपने घरो में शौचालय बनावे इसके लिए नगर परिषद् द्वारा आठ हजार रूपये की राशि के बारे में भी बताया तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के दौरान मोबाईल ऐप डाउनलोड करने को कहा ।आभार क्षेत्रीय पार्षद प्रकाश चौहान ने व्यक्त किया । मंच संचालन शिवराम जाट ने किया ।



भवन निर्माण एंव संकर्म समिति अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने बताया कि आज पाली शहर में 68 व्यवसायिक  व आवासीय भवनों को निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। और डीओसी शाखा को निर्देश दिये गये कि जंहा पर भी बीना स्वीकृति के निर्माण कार्य हो रहा है। उसको बंद करवाकर नगर परिषद् द्वारा निर्माण स्वीकृति जारी करने के पश्चात् ही निर्माण कार्य शुरू हो।

समिति अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने निर्माण शाखा को निर्देश दिये कि नगर परिषद् द्वारा जो भी निर्माण कार्य करवाया जाता है उस पर उसकी राशि व 3 वर्ष की गांरटी का बोर्ड लगाया जावें।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर परिषद की प्रेरणा व सभापति महेन्द्र बोहरा के निर्देशन से आज सेन्ट्रल एकेडमी के विद्यार्थियों ने आज घर–घर जाकर एक स्वच्छता सर्वे किया जिसमें उन्होने शहरवासियों से एक प्रपत्र भरवाया जिसमें स्वच्छता संबंधी पूछताछ की गई कि क्या आप पॉलिथीन का उपयोग करते है, क्या आप कचरा कचरा पात्र में डालते है, क्या आपके घर कचरा संग्रहण टैम्पो आता है । क्या आप गिला व सूखा कचरा अलग अलग रखते है।

प्रातः सभापति कक्ष में सभापति महेन्द्र बोहरा द्वारा यह फार्म भरा गया। साथ स्कूली बच्चों ने स्वच्छता प्रेरणा व पॉलिथीन प्रतिबंध को लेकर कपडे की थैली भी भेट की। साथ ही दो कचरा पात्र गीला व सूखे के लिए अलग–अलग का डेमो भी दिया।

सभापति बोहरा ने इस प्रकार की रचनात्मक कदम की प्रशंसा करते हुए सराहना कि कि इस प्रकार स्वच्छता को प्रोत्साहन हेतु विद्यालयों द्वारा किये जा रहे कार्य शहर के लोगों को जागरूक करने में मील का पत्थर साबित होगें। जिसमें सेंट्रल एकेडमी के विद्यार्थियों ने एक अच्छी शुरूआत की है। इस प्रकार से हर विद्यालय को जुड़ना होगा तब ही हम स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा कर पायेगें।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि पूरे देश से गंदगी हट जाये तथा भारतवर्ष की पहचान साफ–सुन्दर शहरों की श्रेणी में हो। उनका यह संकल्प तभी पूर्ण होगा जब पाली शहर समेत देश की 125 करोड़ जनता गंदगी से अपने शहर–गांव को मुक्त करने का प्रण ले तथा दूसरों को भी ऐसा नहीं करने हेतु सकारात्मक प्रयास करे।

यह उद्‌गार शुक्रवार को विधायक ज्ञानचंद पारख ने राजकीय बांगड उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में करीब दस हजार स्कूली छात्र–छात्राओं, शिक्षाविदों, अभिभावको, शहर के गणमान्य नागरिकों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सभी विभागों के सरकारी अधिकारियों–कार्मिकों की उपस्थित में स्वच्छता एप्प डायनलोड के दौरान व्यक्त किये।

समारोह के मुख्यअतिथि विधायक पारख ने कहा कि स्वच्छता एप्प डाउनलोड अभियान का एक हिस्सा है। इस अभियान से जुडकर आप भी ब्रांड एम्बेसडर की भूमिका में आ गये है। यदि आप में स्वच्छता के प्रति जनजागृति आ जाये तो निश्चय ही पाली शहर देश में प्रथम स्थान पर होगा।

भवन निर्माण अनुज्ञा एवं संकर्म समिति अध्यक्ष सुरेश चौधरी के संयोजन में आयोजित स्वच्छता एप डाउनलोड कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति महेन्द्र बोहरा ने कहा कि स्वच्छ शहर का इरादा पाली को गंदगी से मुक्त करने का वादा है के उदबोधन से अपनी बात कहते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे स्वस्थ तन के लिए बहुत आवश्यक है। जहां स्वच्छता वहां सरस्वती, प्रभुता होती है। यदि स्कूली बच्चे यह संकल्प कर ले कि किसी को खुले में शौच नहीं करने देंगे तो हमारा शहर ओडीएफ शीघ्र घोषित होगा।

शहर को स्वच्छ रखने के अपने दायित्वों को नगर परिषद बखूबी निभा रहे है, लेकिन इसमें जनभागीदारी भी आवश्यक है। सफाई के कार्य की शत प्रतिशत सफलता सभी के सामूहिक प्रयासों से ही संभव है, उन्होने उपस्थित सभी से कहा कि जो यहा अपना मोबाईल लेकर आये है उसमें स्वच्छता एप्प डाउनलोड तो करना ही है, आपके माध्यम से इसके द्वारा अपने आस–पास की सफाई संबंधी शिकायतों की फोटो खिंचकर भेजना है तभी हम उनका निस्तारण कर सकेंगे। स्वच्छता की मशाल अब आपके हाथ में जहां आपको गंदगी दिखाई दे उसकी जानकारी स्वच्छता एप्प के माध्यम से हमारे तक पहुंचाये तथा पूरा शहर साफ–सुन्दर हो। जो भी गंदगी करता है उसे हाथ जोडकर ऐसा नहीं करने हेतु निवेदन करे। इस अवसर सभापति ने सभी से पोलिथीन का उपयोग नहीं करने भी अपील की।

जिला कलेक्टर सुधीरकुमार शर्मा ने सभी से शहर को ओडीएफ में सहयोग करने की अपील करते हुए अपने मोबाईल में स्वच्छता एप्प डाउनलोड करने का भी आह्वान किया। प्रदीप सांड ने स्वच्छता एप्प डाउनलोड करने की जानकारी दी। प्रारंभ में उपसभापति मूलसिंह भाटी ने अतिथियों को स्वागत करने हेतु स्वच्छता एप्प के बारे में बताया। अंत में आयुक्त आशुतोष आचार्य ने आभार व्यक्त करते हुए इस आयोजन की सफल क्रियान्विती में महति भूमिका निभाने कार्यक्रम के संयोजक सुरेश चौधरी के प्रयासों का सराहनीय बताया। कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्जवल, वंदेमारम गीत के साथ तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**घोषणा:** सभापति महेन्द्र बोहरा ने इस अवसर पर घोषणा की कि जो स्वच्छता एप्प डाउनलोड करेगें उनमें से लोटरी निकाल कर 100 जनों को अवार्ड देने की घोषणा की। इसके अलावा घरों में गीला एवं सूखा कचरा पात्र के लिए अलग–अलग पात्र रखने वालो द्वारा घर–घर कचरा संग्रहण हेतु आने वाले वाहन में डालने वालो को कूपन देकर वार्ड वाईज लोटरी निकाल कर अवार्ड देने की घोषणा भी की।

**ब्रांड एम्बेसडर:** 90 वर्षीय युवा श्री के.एम.शर्मा, जगदीश चायवाला, उघमी सम्पत भण्डारी, लायंस क्लब अध्यक्ष राकेश मेहता, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल पंवार।

**यह रहे उपस्थित रहे:** अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उप खण्ड अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी बांगड अस्पताल, जिला शिक्षा अधिकारी, अरबन बैंक अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन, सीईटीपी अध्यक्ष, डिस्ट्रीक्ट क्लब अध्यक्ष के अलावा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी।

**बिस्किट टोफी बांटी:** इस अभियान में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों में नगर परिषद की ओर से बिस्किट तथा महावीर फूड प्रोडेक्ट की ओर से ट्रॉफी बांटी गई।

**पेम्पलेट वितरित:** स्वच्छता एप्प डाउनलोड करने की जानकारी देने वाले पेम्पलेट भी सभी में वितरित किये गये।

नगर परिषद् पाली–मारवाड़

राजस्थान

स्वच्छ पाली–स्वस्थ पाली